दिनांकः 27.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा–31 अगस्त तक गिवअप अभियान के लक्ष्य पूरे किये जाएंगे।
- 29वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह कल जयपुर में आयोजित किया जाएगा।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिष का दौर जारी–बीकानेर संभाग में भी मॉनसून ने दस्तक दी।
- ओडिषा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विष्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से–प्रदेष में भी पुरी की तर्ज पर रथ यात्राओं के आयोजन।

..................

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गिवअप अभियान के तहत सक्षम लोगों को स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देष दिये हैं। श्री गोदारा कल अलवर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र लोगों के नाम जोड़ने, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई–केवाईसी कराने के भी निर्देश दिये। श्री गोदारा ने खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर वर्ष 2022 और 2025 से लंबित आवेदनों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा कर अधिकारियों को लंबित आवेदनों का जल्द निस्तारण करने को कहा। मंत्री ने कोटपूतली–बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में भी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 31 अगस्त तक गिवअप अभियान के लक्ष्य पूरे किये जाएंगे।

.............

29 वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह कल जयपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विद्यालयों और महाविद्यालयों के शैक्षिक तथा भौतिक उन्नयन की दिशा में उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। जयपुर संभाग में स्कूल शिक्षा की संयुक्त निदेशक मंजू शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 134 भामाशाहों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसमें एक करोड़ रुपये या उससे अधिक सहयोग करने वाले 35 भामाशाहों को "शिक्षा विभूषण" सम्मान तथा 30 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक सहयोग करने वाले 99 भामाशाहों को "शिक्षा भूषण" सम्मान दिया जाएगा। साथ ही, समारोह में राज्य स्तर पर 89 प्रेरकों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने भामाशाहों को पचास लाख रुपये या उससे अधिक राशि के सहयोग के लिए प्रेरित किया है। श्रीमती शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर भी भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

..................

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में अंतरिक्ष यान ड्रैगन की सफल डॉकिंग को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत और विष्वबंधु भारत की भावना दर्शाता है। डॉ. सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष केन्द्र में शुभांशु शुक्ला द्वारा किए जाने वाले प्रयोग पूरी तरह से भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित हैं।

.............

प्रदेष में विभिन्न स्थानों मॉनसून की बारिष का दौर बना हुआ है। इस बीच, बीकानेर संभाग के जिलों में मॉनसून ने प्रवेष कर लिया है। मौसम विभाग के अनुसार कल संभाग के विभिन्न स्थानों पर तेज बारिष दर्ज की गई। भरतपुर, अलवर और दौसा सहित कई जिलों में आज सुबह से बारिष का सिलसिला जारी है। राजधानी जयपुर में रात से शुरू हुआ तेज बारिष का दौर रुक–रुक कर सुबह तक जारी रहा। डूंगरपुर जिले में कल रात हुई तेज बरसात से सड़कें और खेत पानी से भर गये। जैसलमेर में उमसभरी गर्मी के बाद शाम को तेज बारिष होने से किसानों के चेहरे खिल गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि

जिले में संभावित जलभराव और आपदा नियंत्रण की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट में आज बैठक आयोजित होगी।

..............

उधर, झालावाड ज़िले में कल अलग–अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला सहित चार लोगों की मृत्यु हो गयी। एक अन्य महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार एक प्रदेष में 1 जून से 25 जून तक सामान्य से लगभग डेढ सौ प्रतिषत अधिक बारिष हो चुकी है। प्रदेष के ज्यादातर जिलों में आज भी बरसात का पूर्वानुमान है।

इस बीच, उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से मॉनसून के दौरान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अत्यधिक वर्षा से जलभराव के कारण ट्रैक और पुलों को नुकसान पहुंचने के अलावा, कुछ स्थानों पर ट्रैक पर पानी बहने की घटनाएं हो जाती हैं। इससे ट्रेन सेवाएं बाधित होती हैं। ट्रेन सेवाओं के संभावित व्यवधान को कम करने के साथ–साथ ट्रेनों का सुरक्षित संचालन और यातायात की त्वरित बहाली के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है।

..................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती परीक्षा 2023 के छठे चरण के साक्षात्कार 7 जुलाई से 31 जुलाई तक लिये जाएंगे। इसके लिए आयोग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि पिछले साल 972 पदों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया था।

..............

ओडिषा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विष्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो रही है। जून–जुलाई में होने वाले इस प्रसिद्ध उत्सव के दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके बड़े भाई बलभद्र और छोटी बहन देवी सुभद्रा के विग्रह रथों में सवार होकर दर्शन देते हैं और मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाने के लिए तैयार होते हैं। वे गुंडिचा मंदिर में नौ दिन का प्रवास करते हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार इस वर्ष लगभग 13 लाख भक्तों के शामिल होने का अनुमान है।

प्रदेष में भी आज कई स्थानों पर पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के आयोजन होंगे। जयपुर में रथ यात्रा कलेक्ट्रेट सर्किल से शुरू होगी। इसके बाद ये विभिन्न स्थानों से होते हुए राजस्थान स्काउट और गाइड गार्डन पर समाप्त होगी। उधर, पाली में धान मंडी स्थित जगदीष मंदिर से यात्रा निकाली जाएगी। शहर के मुख्य मार्गों से निकलने वाली इस रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

..................